तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 09.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 16 दिसंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 विस अध्यक्ष से प्राचार्य व व्याख्याता पदोन्नति...



14 प्रतिभा खोज परीक्षा में छात्र-छात्राएं हुए शामिल



## आईईडी डिफ्यूज करते बीएसएफ जवान घायल, इलाज के लिए रायपुर भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के अतिसंवेदनशील इलाके पानीडोबीर बीएसएफ कैंप से सर्चिंग के लिए बीएसएफ के जवान सचिंग पर निकले थे। हेटारकेसा के पास आईईडी मिलने पर उसे डिफ्यूज करते समय बीएसएफ का एक जवान को मामूली चोट आई है, जिसे ईलाज के लिए बीएसएफ के हेलीकाप्टर एम 17 से रायपुर भेजा गया, जहाँ उसकी हालत ठीक है।

जानकारी के अनुसार कोयलीबेड़ा थानांतर्गत 15 दिसंबर को रूटीन सचिंग के तहत बीएसएफ के जवान सुबह सुबह पानीडोबीर कैंप से निकले थे। सचिँग दल ज्योंही हेटारकसा पहुँचे, वहाँ पर एक जगह नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी का संकेत मिला। बीएसएफ की टीम ने उस जगह को चिन्हांकित कर बारीकी से जाँच किया। आईईडी होने की पुष्टि होने के उपरांत उसके बारे में उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। जमीन में गड़े हुए आईईडी को सुरक्षित निकाल पाना संभव नहीं था, इसीलिए उसी स्थल पर डिफ्यूज करने का निर्णय लिया गया। आईईडी को डिफ्यूज करने के दौरान बीएसएफ के जवान बी. ईश्वर राव के हाथ और चेहरे पर छर्रे लगने से मामूली चोट आई है। मामूली चोट होने के बाद भी बीएसएफ के अधिकारियों ने एहितयात बरतते हुए बीएसएफ के एम 17 हेलीकाप्टर को कोयलीबेड़ा बुलाकर जवान को इसी हेलीकाप्टर से रायपुर ईलाज के लिए ले भेजा गया। समाचार लिखे जाने तक जवान की हालत ठीक है और सभी से बातचीत कर रहा है।

**जवान को हेलीकाप्टर से रायपुर भेजा गया**



### जवान को आई मामूली चोट

कांकेर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने बताया कि हेटारकसा में आईईडी को डिफ्यूज करते समय आईईडी के छर्रे बीएसएफ जवान के चेहरे व हाथ में लगे है, जिसके चलते मामूली चोट आई है। जवान की हालत ठीक है।

### खबर संक्षेप

#### सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर गिनाईं उपलब्धियां



**दुर्गुकोंदल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार का एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में एक साल के कार्यकाल के उपलब्धियां को प्रदर्शित करने के लिए दुर्गुकोंदल के जनपद पंचायत प्रांगण में ब्लाक स्तरीय सभा आयोजित जनपद सीईओ की उपस्थिति में हुआ। सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के उपलक्ष में जनपद पंचायत के अंतर्गत अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। जनपद पंचायत सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने बताया कि सरकार की प्रमुख योजना पीएम जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को दी जाने वाली सेवाएं, महतरी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, महिला सशक्तिकरण, कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के आत्मविश्वास में वृद्धि और ग्रामीण विकास और आधारभूत संरचनाओं से जुड़ी परियोजनाओं का शासन के द्वारा किया जा रहा है।

#### पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण 17 व 19 को

**दुर्गुकोंदल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण प्रक्रिया 17 दिसंबर को दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के भानुप्रतापपुर स्थित जनपद पंचायत के सभाकक्ष में जनपद सदस्य, सरपंच तथा वार्ड पंच का आरक्षण होगा। वहीं 19 दिसंबर को जिला पंचायत कांकेर के सभा कक्ष में जिला पंचायत सदस्य तथा जिले के सात ब्लॉक के जनपद पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की कार्यवाही होगी। जनपद सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने बताया कि दुर्गुकोंदल ब्लॉक के 11 जनपद सदस्य, 44 ▶▶| शेष पेज 12 पर

**गड़बड़ी : चालक ने बताया-अरौद से रेत भरी, पर रायल्टी हाराडुला का**

## दुधावा मार्ग पर रेत लदे तीन हाईवा जब्त रायल्टी पेपर में लोचा उजागर, जांच जारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- यातायात पुलिस ने पूछताछ के बाद मामला खनिज विभाग को सौंपा
- तीन दिन पहले मचांदुर से लगभग 50 से अधिक महिलाओं ने शिकायत की थी









कांकेर शहर से बीती रात को लगभग 8 बजे गुजर रही रेत से भरी तीन हाईवा को यातायात टीम ने रोका और जाँच में मामला संदिग्ध होने पर कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को सौंपा है। खनिज विभाग ने जप्तीनामा की कार्यवाही करते हुए जाँच में लिया है। जाँच के बाद ही तीनों वाहनों की तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी। जानकारी के अनुसार हाईवा क्रमांक सीजी 04 पीआर 6400, सीजी 04 पीआर 4600 और सीजी 04 पीक्यू 6400 में रेत भरी हुई थी और दुधावा की ओर 14 दिसंबर को रात 8 बजे जा रही थी। वाहनों को रोककर यातायात टीम ने जाँच किया, जिसमें पूछताछ में चालक ने बताया कि अरौद से रेत भरकर लाएं है, वहीं उनके पास रायल्टी हाराडुला की निकली। यातायात की टीम ने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया और उच्च अधिकारियों ने इसकी जानकारी खनिज विभाग को दिया। खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुँचकर वाहनों को यातायात टीम के साथ पुलिस लाईन ले गई और जप्ती की कार्यवाही किया। जप्ती करने पहुँचे खनिज विभाग के नगर सैनिक मनोज सिन्हा ने बताया कि वाहनों की जप्तीनाम बनाया गया है। इन वाहनों का प्रकरण सोमवार 16 दिसंबर को बनाया जाएगा। चालक से बात करने पर पता चला कि अरौद में दो खदान है, एक खदान वैध है और दूसरी खदान अवैध है, इसी खदान से रेत भरकर लाते है और हम लोगों को पीटपास हाराडुला का दिया जाता है और हाराडुला वैध खदान है। चालक ने बताया कि अरौद रेत खदान में रेत निकालने में दिक्कत नहीं होती है। अरौद की यह वही अवैध रेत खदान है, जहाँ पर विगत समय विधायक ने कई मशीनों को पकड़ा था। यह अवैध खदान किसके संरक्षण में चलती है, इसके बारे में खुलासा जल्द किया जाएगा।

### कई खदानों में हो रहा लगातार विवाद

चारामा में कई रेत खदान स्वीकृत है और कई रेत खदान स्वीकृत नहीं है। रेत दलाल किसके संरक्षण में काम कर रहे है, यह खेल वहीं जान सकते है। मचांदुर को लेकर लगातार विवाद जारी है और इस विवाद में एक एफआईआर हो चुकी है। इस विवाद का निपटारा नहीं हुआ तो यह तय है कि कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। तीन दिन पहले भी मचांदुर से लगभग 50 से अधिक महिलाएं पहुंचकर शिकायत किया है। चारामा क्षेत्र की कई खदानों में विवाद के प्रकरण सामने आ रहे है। रेत से भरी हाईवा के चलने के कारण गांव की सड़के जर्जर हो गई है और धूल से कई गांव के लोग परेशान है।

### नियमानुसार कार्रवाई होगी

जिला खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा ने बताया कि वाहनों की जप्ती की कार्यवाही किया गया है। वाहनों के चालक के पास जो पीटपास मिला है, उसकी जाँच किया जाएगा और उनके द्वारा जो जानकारी दिया है, उसकी भी जाँच होगी। जाँच के बाद नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर चालक के खिलाफ मामला दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर थानांतर्गत कोड़ेजुंगा बायपास पेट्रोल पंप के पास आरोपी वाहन चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी सवार दो युवक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से स्कूटी में सवार दोनो युवक को गंभीर चोट आई है। एक युवक को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, वही दूसरे युवक की स्थिति नाजुक होने के कारण उसे हायर सेंटर रिफर किया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे कोदागांव निवासी 27 वर्षीय मनीष कुमार भंडारी पिता स्व. धन्नू राम भंडारी ने पुलिस को बताया कि खेती मजदूरी का काम करता हूं और 13 दिसंबर को अपने दोस्त रेमंत कुमार पटेल के साथ उसके वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजे 2846 में पीछे बैठकर कांकेर वन रक्षक भर्ती में शामिल होने गया था। भर्ती दिलाने के बाद घर कोदागांव जा रहे थे, स्कूटी को रेमंत कुमार पटेल चला रहा था, मैं पीछे बैठा था। शाम करीबन 6 बजें कोड़ेजुंगा बायपास पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे, तभी जगदलपुर रोड की ओर से आ रही आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 02 एफ 0243 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक व उतावलेपन से चलाकर हमारे वहान को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मैं एवं मेरे दोस्त रेमंत कुमार पटेल दोनो वाहन सहित रोड में गिर गए। एक्सीडेंट से मुझे बांए पैर, बांए हाथ, सीने में एवं रेमंत बांए पैर, सिर, सीना एवं शरीर में चोट लगा है। एक्सीडेंट से वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगो की मदद से संजीवनी 108 एम्बुलेंस से ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायल रेमंत कुमार पटेल को उचित ईलाज के लिए रिफर करने से उसके परिजन के द्वारा अस्पताल धमतरी में ईलाज करा रहे है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## ग्रामीण की डंडे से बेदम पिटाई की, आरोपी पर अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बांदे थानांतर्गत पीव्ही 76 कृष्णानगर में मामूली बात को लेकर आरोपी युवक घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। आरोपी ने पीड़ित के ऊपर डंडा से जोरदार हमला कर दिया, जिससे घायल खून से लथपथ हो गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 76 कृष्णानगर निवासी 38 वर्षीय गोविंद गोमस्ता पिता गुनोधर गोमस्ता ने पुलिस को बताया कि 7 दिसंबर को बांदे के साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचने गया था और शाम करीबन साढ़े 6 बजें घर पहुंचकर अपने घर के अन्दर में बैठा था, तभी रात साढ़े 7 बजें अपने पिता गुनोधर के स्वास्थ्य को लेकर फोन से बातचीत कर रहा था। उसी समय मेरा भतीजा कोमल गोमस्ता पिता गोपाल गोमस्ता कहने लगा कि तुम मेरे दादा से क्यों बातचीत कर रहे हो बोलकर फोन में गाली गलौज किया और करीबन 8 बजे कोमल गोमस्ता मेरे घर गुस्सा में आया। घर के दरवाजा को लात से मारकर घर के अन्दर घुसकर जान से मारने के नीयत से डंडा से मेरे सिर पर हमला कर दिया। हमले से कान, पीठ, सीना में चोट आया है। हमला से सिर में गंभीर चोट आया और खून निकलने लगा।

मैने जैसे तैसे अपना जान बचा कर पत्नी के साथ बांदे अस्पताल आया और बांदे से रिफर करने पर पखांजूर अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराया। अगले दिन पखांजुर अस्पताल से रिफर करने पर जिला अस्पताल में भर्ती हुआ। जिला अस्पताल से धमतरी के निजी अस्पताल में रिफर किया गया। ईलाज ▶▶| शेष पेज 12 पर

## दुधावा में विधायक नेताम ने भवन निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा



सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुधावा में विधायक निधि से बनने वाले 12 लाख के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्यि व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ।

आयोजित कार्यक्रम के तहत विधायक आशाराम नेताम, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम के दुधावा पहुंचने पर ग्रामीणो ने बाजे गाजे के साथ स्वागत किया एवं महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ने आरती उतार कर अभिनंदन किया एवं स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले गए। अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर महिला स्व सहायता समूह भवन का भूमि पूजन किया। भूमिपूजन करते हुए विधायक ने कहा कि यह भवन विधायक निधि से 12 लाख की लागत से बनाया जाएगा। विधानसभा चुनाव के दौरान महिला स्व सहायता समूह द्वारा की गई मांग को पूरा किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि महिला स्व सहायता समूह का भवन बनने से समूह की महिलाओं को बैठक करने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। समूह की महिलाएं एक जगह बैठ सकेंगे उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह1000 रूपएं दे रही है। समूह ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पुलिस चेकिंग में शराब पीकर वाहन चलाने वाले पकड़ाए, किया चालान, दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर







कांकेर शहर का बाजार का दिन होने के चलते वाहनों की आवाजाही ज्यादा रहती है। बरदेभाटा के पास रूटीन चेकिंग के दौरान यातायात टीम ने कई वाहनों को रोककर समझाईश दिया वहीं नियमों को ताक में रखने वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही किया।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने एक पिकप वाहन क्रमांक सीजी 24 यू 0897 को पकड़ा, यह वाहन सवारी वाहन न होने के बावजूद उसमें महिलाओं को बिठाकर जा रहा था। चालक ने बताया कि यह वाहन बालोद जिले का है और दसपुर मरनी कार्यक्रम में शामिल होने आए है। यह वाहन बालोद के उसी गाँव का है, जहाँ कि पिकप 10 दिसंबर को मचांदुर में दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। पिकप में एक दर्जन लोग सवार थे। यातायात टीम ने वाहन चालक को समझाईश देते हुए नियमानुसार कार्यवाही किया। इसी तरह से दूसरा पिकप क्रमांक सीजी 07 बीए 1554 को यातायात टीम ने रोकने का प्रयास किया, परंतु वाहन चालक वाहन को रोके बिना भागने लगा। यातायात टीम ने वाहन का पीछा करके पकड़कर लाएं और चालक से पूछताछ किया, उसने अपना नाम संजू बताया। शराब की जाँच किया गया और उसके बार चालक भाग गया। यातायात टीम व कबाड़ी मालिक चालक को खोजते रहे, चालक नहीं मिला। ऐसे शराब चालक पिकप वाहन को चलाएंगे तो सड़क दुर्घटनाओं का होना तय है। इसी तरह से अन्य कई वाहनों पर यातायात टीम ने चालानी कार्यवाही किया है। यातायात टीम ने बताया कि नियमों को ताक में रखकर वाहन चलाने वाले और शराब पीकर वाहन को ▶▶| शेष पेज 12 पर

**निकाय चुनाव आरक्षणः आरक्षण के मार्गदर्शी सिद्धांत में बताई गई प्रक्रिया**

## एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई इन वर्गों की महिलाओं के लिए होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरीय निकाय चुनाव में इस बार आरक्षण की प्रक्रिया के तहत वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया तय की गई है। अब एससी, एसटी तथा ओबीसी के लिए आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई वार्ड इन वर्ग की महिलाओं के लिए लॉट निकालकर आरक्षित किए जाएंगे। इसमें आरक्षण चक्रानुक्रम के आधार पर होगा।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आरक्षण प्रक्रिया के संबंध में कलेक्टर को मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार कर भेजा है। इससे पहले राज्य के कलेक्टरों को उनके जिलों में होने वाले चुनाव के लिए विहित अधिकारी नगरीय प्रशासन विभाग ने कलेक्टरों को भेजा निर्देश नियुक्त किया था। अब कलेक्टरों को बताया गया है कि किस तरीके से वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। निकाय में अनुसूचित जाति, वार्डो की संख्या का निर्धारण उप नियम 1 के तहत किया जाएगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वार्डों का आरक्षण जनसंख्या पर आधारित है, जबकि पिछड़ा वर्ग प्रवर्ग आरक्षण लॉट पद्धति से किया जाएगा। सबसे पहले अनुसुचित जाति प्रवर्ग के वाडों का आरक्षण एवं इसके अनुक्रम में अनुसूचित जाति प्रवर्ग का आरक्षण एवं इसके अनुक्रम में अनुसूचित जनजाति महिला प्रवर्ग का आरक्षण किया जाएगा।




### वार्ड में एससी व एसटी 50 प्रतिशत, तो ओबीसी आरक्षण नहीं

*अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए जहां 50 प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों, वहां यथा संभव निकटतम रूप से कुल वार्डों की संख्या के 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे। तथा ऐसे वार्ड लॉट द्वारा आवंटित किए जाएंगे, लेकिन एससी व एसटी के लिए कुल आरक्षण 50 प्रतिशत या इससे अधिक हो तो अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं होगा।*

### एक तिहाई वार्ड महिलाओं के लिए

*एससी, एसटी तथा अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई वार्ड यथा स्थिति इन प्रवर्ग की महिलाओं के लिए लॉट से निकालकर आरक्षित किए जाएंगे, जिसमें आरक्षण चकानुक्रम के आधार पर होगा। एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण के बाद शेष वार्ड अनारक्षित होंगे। एससी, एसटी तथा ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित वार्डो की संख्या कुल वार्डो के एक तिहाई भाग से कम होने पर अनारक्षित प्रवर्ग में से चकानुक्रम पद्धति से महिला प्रवर्ग का आरक्षण वार्डो की कुल संख्या के एक तिहाई भाग तक सुनिश्चित किया जाएगा।*

### चक्रानुक्रम ऐसे होगा तय

*नगरीय निकायों के वार्डो के आरक्षण वर्ष 2024 में वाड़ों के आरक्षण के दौरान चक्रानुकम रीति से आरक्षण की स्थिति निर्मित होने पर वर्ष 2004, 2009, 2014, एवं 2019 में किए गए आरक्षण को चक्रानुक्रम रोति के लिए आधार माना जाएगा।*

### रबी फसल प्रदर्शन में गेहूं की बोआई का किया कार्य



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत 15 दिसबंर को ग्राम दियागाँव में कृषक कमल सिंह गोटा के खेत में आत्मा योजना अन्तर्गत रबी फसल प्रदर्शन 1 एकड़ 40 किलोग्राम गेहूं किस्म एचआई 8759 पुसा तेजास का बुवाई से पहले प्रति किलोग्राम बीज को 2.5 ग्राम थाइरम से बीज उपचार करके बताया गया एवं उनसे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दिया गया एवं तत्पश्चात स्विंग कार्य करवाया गया, जिसमें उपस्थित रूपेश नेताम ग्रामीण कृषि ▶▶| शेष पेज 12 पर

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### नगरीय निकायों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया की जाएगी कल

**कोण्डागांव।** जिले के नगरीय निकायों में निर्वाचन-2024 के लिए वार्डों का आरक्षण की प्रक्रिया के लिए तिथि निर्धारित की गई है। नगरपालिका परिषद कोण्डागांव के 22 वार्ड, नगर पंचायत फरसगांव के 15 वार्ड और नगर पंचायत केशकाल के 15 वार्ड के लिए 17 दिसंबर दिन मंगलवार को प्रातः 11 बजे से आरक्षण प्रक्रिया शुरू होगी।

### विजयवाड़ा के तीन बाइकर्स पहुंचे बस्तर

**जगदलपुर।** आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा के तीन युवा बाइक से शनिवार की शाम जगदलपुर पहुंचे। रविवार को वे ओडिशा होते हुए विजयवाड़ा की ओर रवाना हुए। हरिभूमि से चर्चा में 21 वर्षीय मणिकांता ने बताया कि शनिवार की सुबह 6 बजे विजयवाड़ा से रवाना होकर शाम 7 बजे जगदलपुर पहुंचे। 13 घंटे के सफर में 500 किलोमीटर दूरी तय किए। छात्र मणिकांता ने कहा कि ट्रेव्हलिंग के उद्देश्य से यह रोमांचक यात्रा हमने केटीएम एडवेंचर 250 कीमत तीन लाख के वाहन से की। इस दौरान हेलमेट, राइडिंग जैकेट और सुरक्षा के सभी तरह के उपकरण का इस्तेमाल हमने किया। मेरे साथ बैंककर्मी पवन और प्राइवेट नौकरी करने वाले मुरली यात्रा में साथ रहे। उन्होंने बस्तर के चित्रकोट और तीरथगढ़ जल प्रपात का नजारा देखकर कहा कि हर मामले में बस्तर काफी खूबसूरत जगह है।

**आयोजन:** जिला न्यायालय परिसर में लगाई लोक अदालत, आपसी समझौते से निबटे मामले

# नेशनल लोक अदालत में 8481 मामलों का हुआ निराकरण, 2.47 करोड़ का अवार्ड किया पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव में आयोजित नेशनल लोक अदालत ने न्यायिक प्रक्रिया के इतिहास में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस लोक अदालत में कुल 8,481 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें 2 करोड़ 47 लाख 5 सौ 49 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। नेशनल लोक अदालत ने त्वरित न्याय, आपसी सुलह, और जनसाधारण के बीच न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास को और मजबूती दी है। यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के नेतृत्व और सभी न्यायिक, प्रशासनिक व सामाजिक संगठनों के सहयोग से सफल हुआ।

■ मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 8 मामलों में 63 लाख 20 हजार का मुआवजा दिया


**लोक अदालत की प्रमुख उपलब्धियां** – मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 8 मामलों में 63 लाख 20 हजार मुआवजा प्रदान किया गया। प्री-लिटिगेशन मामलों का निपटारा 487 मामले सुलझाए गए। जिनमें47,65,752 का समझौता हुआ। राजस्व प्रकरण कुल 5,585 मामलों का समाधान हुआ। आपराधिक एवं चेक बाउंस मामले 48 मामलों का निराकरण कर 7,45,314 का समझौता हुआ। ट्रैफिक चालान 1,159 मामलों में 2,90,000 का जुर्माना वसूला गया।

**विशेष कार्यक्रम भी किए गए** – रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय टीम के सहयोग से आयोजित शिविर में न्यायाधीश, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने भाग लिया। गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा लंगर सेवा दूर-दराज से आए पक्षकारों के लिए निशुल्क भोजन की व्यवस्था। बैंक ऑफ बड़ौदा का सहयोग, टेंट और अन्य व्यवस्थाओं में योगदान। प्रचार-प्रसार, प्रोजेक्टर के माध्यम से लघु फिल्म दिखाकर जागरूकता अभियान चलाया गया।



### सड़क दुर्घटना में पैर गंवाने वाली पीड़िता को मिला 22 लाख का मुआवजा

कोण्डागांव। नेशनल लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में अपना बायां पैर गंवाने वाली पीड़िता को 22 लाख का मुआवजा प्रदान किया। यह निर्णय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्रा की अध्यक्षता में सुनाया गया। इस मुआवजे ने पीड़िता और उसके परिवार के लिए राहत और सहारा प्रदान किया है। 22 जुलाई 2022 को पीड़िता अपने भाई और मां के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर कांकेर से केशकाल जा रही थी। केशकाल घाटी के मोड़ पर, तेज़ गति और लापरवाही से चल रही एक ट्रक ने पीछे से उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पीड़िता की बाई जांघ में गंभीर चोट आई। जिसके चलते डॉक्टरों को उसकी जांघ ऑपरेशन कर काटना पड़ा। हादसे के बाद मामला न्यायालय में पहुंचा। बीमा कंपनी और दावाकर्ता के बीच समझौता नेशनल लोक अदालत में हुआ, जिसमें 22 लाख मुआवजा राशि पर सहमति बनी। यह



समझौता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्रा की अध्यक्षता और सुश्री निशा वासनिकर पीड़िता की अधिवक्ता के तर्कों के आधार पर किया गया। यह मामला नेशनल लोक अदालत की महत्वता को रेखांकित करता है, जहां त्वरित न्याय के माध्यम से पीड़िता को राहत दी गई। मुआवजा राशि के साथ पीड़िता और उसकी मां को सुख और शांति का प्रतीक स्वरूप पौधा भी प्रदान किया गया। यह निर्णय दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को न्याय दिलाने और उनके पुनर्वास में नेशनल लोक अदालत की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

### केशकाल व्यवहार न्यायालम में 726 प्रकरणों में से 229 मामलों का तत्काल किया निराकरण

केशकाल। कोंडागांव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आम जनता को शीघ्र एवं सस्ता न्याय सुलभ करवाने तथा लंबित विवादों को आपसी समझौते के द्वारा सुलझाने के उद्देश्य से व्यवहार न्यायालय केशकाल में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमति अंजली पाण्डेय के समक्ष बैंक सम्बंधित 436 प्रकरण आए, जिसमें प्रकरणों का निराकरण नहीं हुआ। चेक बाउंस 18 प्रकरण आये अन्य प्रकरणों के 35 मामले आए सभी का निराकरण हुआ। आपराधिक 06 प्रकरण आये जिसमें 02 प्रकरणों निराकरण हुआ । जुआ के 35 प्रकरणों में से 35 प्रकरणों का निराकरण हुआ। कुल 2 प्रकरणों का तत्काल निराकरण हुआ अन्य प्रकरणों 51 आये 1 निराकृत हुआ। यातायात चालान 189 प्रकरणों मे से 189 निराकृत हुआ। नेशनल लोक अदालत तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल में कुल 726 प्रकरण आए, जिसमें 229 प्रकरणों तत्काल निराकरण हुआ। शेष मामलों के लिए मजिस्ट्रेट श्रीमति अंजली पाण्डेय के द्वारा अगली तारीख दी गई है। उल्लेखनीय है कि आम जनता को सहज एवं सुगम न्याय दिलवाने के उद्देश्य से 14 दिसम्बर 2024 को समूचे प्रदेश के न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था। इसी क्रम में केशकाल के व्यवहार न्यायालय में भी लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसमें लंबित प्रकरणों का निराकरण एक ही दिन मे किया गया है। नेशनल लोक अदालत तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल श्रीमति मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता केशकाल, और समस्त अधिवक्ता एवं समस्त न्यायालय स्टाप और अधिकार मित्र, अनिल कुमार मंडावी प्रबंध कार्यलय केशकाल, रंजन कुमार बैध, ईरागांव थाना,कु चमेली यादव थाना-धनोरा,कु लैला मरकाम थाना विश्रामपुरी उपस्थित रहे।



## विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी निकाल गौमाता और गौ उत्पादों के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 से 20 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 14 दिसंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े कनेरा एवं अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर गौमाता और गौ उत्पादों के महत्व के प्रति जागरूकता का प्रसार किया गया। इसके बाद जिले की पंजीकृत गौशाला, कामधेनु गौ सेवा संस्थान बड़े कनेरा, विकासखंड कोंडागांव में जिला स्तरीय गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गौमाता की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर गौसेवा करने और गौसेवा हेतु दान देने वाले व्यक्तियों को शाल, श्रीफल, और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई प्रभातफेरी ने गौमाता और गौ उत्पादों के संरक्षण और महत्व पर जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस आयोजन ने गौसेवा को एक जनआंदोलन का रूप देने और लोगों को इसके प्रति प्रेरित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम ने न केवल गौसेवा के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण






और सामुदायिक सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया।

**ये रहे उपस्थित**- कार्यक्रम में उद्यानिकी विभाग के अपर संचालक भूपेंद्र पाण्डेय, डॉ. शिशिरकांत पाण्डेय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, गौतम सहायक संचालक, उद्यानिकी विभाग, डॉ. सुरेंद्र कुमार नाग वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ. आरती मरस्कोले, डॉ. आकांक्षा कश्यप, वारिश नंद, अश्वन नेताम, गौशाला की संचालक श्रीमती वैदेश्वरी शर्मा, और शांति फाउंडेशन के संचालक यतींद्र सलाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गौशाला के सदस्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर में 1 सीजी गर्ल्स बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूनम दास मानिकपुरीने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया। एनसीसी कैडेट्स ने गरिमामय परेड प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को सलामी दी।
कैडेट कमांडर कुमारी योगिता नेताम ने कार्यक्रम की प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह दिवस लोगों को ऊर्जा के सीमित संसाधनों के प्रति जागरूक करने और नई ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। मुख्य अतिथि पूनम दास मानिकपुरी ने कहा कि हर वर्ष 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने का उद्देश्य ऊर्जा बचाने के महत्व को समझाना है। विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार विश्वास ने कहा, ऊर्जा एक सीमित संसाधन है। इसे संरक्षित करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यह दिवस हमें ऊर्जा के कुशल उपयोग और खपत को कम करने के तरीकों के बारे में सिखाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सहदेव सिदार ने ऊर्जा संरक्षण को पर्यावरणीय सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया। उप प्राचार्य श्यामलाल नेताम ने ऊर्जा बचाओ, भविष्य बचाओ का संदेश देते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण हर नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता भारत राम मंडावी, श्रीमती संजू साहू, सुश्री चेतन यादव, सुशील सिंह और समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान कर इसे सफल बनाया। आभार प्राचार्य ने किया।

## जगदलपुर से भिलाई ले जाई जा रही 2.30 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब और एक स्विफ्ट डिजायर कार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब की कुल मात्र 222.12 लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 29 हजार 950 रुपए है। इसके साथ ही तस्करी में प्रयुक्त वाहन और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर कोण्डागांव पुलिस ने शहर में सक्रिय अंतरराज्यीय शराब तस्करों के खिलाफ सख्त निगरानी शुरू की थी। 14 दिसंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद स्विफ्ट डिजायर कार सीजी 10 एफए 5919 में अवैध शराब भिलाई से जगदलपुर की ओर ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नाकाबंदी की। संदिग्ध कार को रोकने पर उसमें से गोवा व्हिस्की के 17 कार्टून और रॉयल स्टैग के 8 कार्टून बरामद किए गए। आरोपी कामेश साहू उम्र 23 वर्ष है, जो वार्ड नंबर 12, राम नगर, मुक्तिधाम, सुपेला, भिलाई का निवासी है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह इस शराब को



भिलाई से जगदलपुर में बेचने के लिए ले जा रहा था। थाना कोण्डागांव में आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

**जब्ती** – 17 कार्टून गोवा व्हिस्की, 8 कार्टून रॉयल स्टैग कुल 222.12 लीटर शराब कीमत 2,29,950 रुपए, स्विफ्ट डिजायर कार कीमत 5 लाख विवो मोबाइल फोन कीमत 5 हजार कुल जब्ती 9 लाख 34 हजार 950 रुपए की हुई।

**कार्रवाई में ये रहे शामिल:** थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय, स.उ.नि राजकुमार कोमरा, प्र.आर श्रवण मडावी, प्र.आर अशोक कुमार मरकाम, आरक्षक रामेश्वर भगत और महिला आरक्षक सोना मरकाम का विशेष योगदान रहा।

## 25 लाख के 5 इनामी नक्सलियों का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रविवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली। 25 लाख के पांच इनामी हार्डकोर नक्सलियों ने एसपी किरण चव्हाण के सामने सरेंडर कर दिया। इसमें एक महिला और एक पुरुष नक्सली पर 8-8 लाख, एक पुरुष नक्सली पर 5 लाख एवं दो महिला नक्सलियों पर 2-2 लाख रुपए का इनाम था। बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस के बढ़ते दबाव और शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 8 लाख की



इनामी 20 साल की धन्नी उर्फ कलमू जोगी, 8 लाख के इनामी सोनू उर्फ अभय, 5 लाख के इनामी मौसम महेश, 2 लाख की इनामी हेमला मुन्नी और 2 लाख की इनामी माड़वी पोज्जे शामिल हैं।

एसपी किरण चौहान ने बताया कि नियद नेल्लानार और छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति का असर दिख रहा है। इन नीतियों से प्रभावित होकर आज 5 हार्डकोर माओवादियों ने सरेंडर किया है। जिनमें एक दंपति भी शामिल हैं। इन माओवादियों के ऊपर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था। सरेंडर करने वाले सभी माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। आत्मसमर्पित नक्सलियों को जल्द सभी सुविधाएं शासन की तरफ से मुहैया कराई जाएगी। नक्सलियों से अपील है कि माओवाद का दामन छोड़कर सरेंडर कर सामान्य जीवन व्यतीत करें।

**विस्फोटक के साथ 9 नक्सली गिरफ्तार**- इधर जगरगुंडा थाना क्षेत्र के पूवर्ती इलाके से सुरक्षाबलों ने 9 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से जिलेटिन रॉड, डेटोनेटर समेत अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार नक्सली सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से अपने पास विस्फोटक सामग्री रखे थे। सूचना मिलते ही जिला बल, सीआरपीएफ 150वीं वाहिनी और 201 कोबरा की टीम नक्सलियों की घेराबंदी कर पकड़ा है।

## कस्टम मिलिंग के बकाया भुगतान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला राइस मिलर्स एसोसिएशन ने कस्टम मिलिंग के बकाया भुगतान की मांग को लेकर प्रभारी मंत्री विजय शर्मा तथा विधायक किरण देव को ज्ञापन सौंपा है। एसोसिएशन के प्रदीप देवांगन ने बताया कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदे गये धान की कस्टम मिलिंग के अंतर्गत बस्तर जिले के राइस मिलरों द्वारा किये गये कस्टम मिलिंग की राशि अप्राप्त है। खरीफ वर्ष 2020-21 का संग्रहण केन्द्र से उठाये गये धान की हमाली का भुगतान, वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक संपूर्ण मिलिंग, प्रोत्साहन,



धान एवं चावल परिवहन का भुगतान, एफआरके का भुगतान नहीं हुआ। राशियों का भुगतान आज तक मिलर्स को अप्राप्त है, जिससे की 2024-25 में कस्टम मिलिंग के कार्य को करने हेतु बैंक गारंटी बना पाना संभव नहीं हो पा रहा है। भुगतान ना होने के कारण मिलर्स की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है तथा राईस मिल के संचालन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरीफ वर्ष 2024-25 के कस्टम मिलिंग के अनुबंध में चांवल परिवहन भुगतान राशि का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। बस्तर जिले के राइस मिलर्स को चांवल जमा करने हेतु आश्रित जिलों बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा में जाना पड़ता है, जिसकी दूरी 200,120 एवं 190 किमी है।
चावल जमा करने का अनुपात 50 प्रतिशत स्वयं के जिले में तथा 50 प्रतिशत आश्रित जिले में होता है। बिना परिवहन राशि जाने, जिलों में चावल जमा कराना संभव नहीं है। समस्याओं का निराकरण करने एवं अप्राप्त कस्टम मिलिंग की राशि प्रदाय करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश करें ताकि कस्टम मिलिंग वर्ष 2024-25 का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।

## बस्तर ओलंपिक में शामिल होने आए असम के प्रतिनिधिमंडल ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर ओलंपिक के तहत युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने और खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना पूरे देश में हो रही है।

इस क्रम में असम से आए पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कोण्डागांव जिले का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को जिला प्रशासन द्वारा बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता से परिचित कराने के लिए केशकाल स्थित टाटामारी का भ्रमण कराया गया। यहां उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया और आत्मसमर्पित नक्सलियों से संवाद किया। बातचीत के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति की प्रशंसा करते हुए इसे सफल और प्रेरणादायक बताया। असम के प्रतिनिधियों ने साझा किया कि वे भी एनडीएफबी संगठन के पूर्व सदस्य रह चुके हैं। अब मुख्यधारा में लौटकर समाज के उत्थान में योगदान दे रहे हैं।



**प्रतिनिधिमंडल की सराहनीय प्रतिक्रिया** – प्रतिनिधिमंडल में बिनुअल वरी, अजोय कुमार भोबोरा, दिलरंजन नारजरी, साहेन वारी और मार्क दैमारी शामिल रहे। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों से चर्चा करते हुए शासन की पुनर्वास नीति को उनकी नई शुरुआत का सशक्त माध्यम बताया। शनिवार को टाटामारी में रात्रि विश्राम और मनोरम दृश्यों का आनंद लेने के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने कोण्डागांव जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने, केंद्रीय ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से संवाद किया। ग्रंथालय की व्यवस्थाओं की सराहना की। लाइवलीहुड प्रशिक्षण केंद्र, माओवाद प्रभावित क्षेत्र के युवाओं से मुलाकात कर शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। गारमेंट फैक्ट्री, फैक्ट्री में काम कर रही महिलाओं से बातचीत की और उनके कार्य अनुभवों को जाना। शिल्पनगरी भ्रमण, बस्तर की प्रसिद्ध बेलमेटल कला को देखा और इसके निर्माण प्रक्रिया की बारीकियां समझीं।

**टाटामारी में स्वागत समारोह** – केशकाल में डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम, एसडीएम अंकित चौहान और डीएसपी लक्ष्मण सिंह ने प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत किया। असम प्रतिनिधिमंडल ने बस्तर के विकास प्रयासों और शासन की नीतियों को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह मॉडल देशभर में अपनाने योग्य है। उनके दौरे ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रें के पुनर्निर्माण और सामाजिक एकता की दिशा में किए जा रहे कार्योंं को एक नई पहचान दी।

पेज 11 के शेष

### पंचायत चुनाव के...

सरपंच तथा 570 वार्ड पंच के पद का आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी। आरक्षण की पूरी प्रक्रिया के दौरान जनप्रतिनिधि उपस्थित होकर कार्यवाही देख सकते हैं।

### ग्रामीण की डंडे...

जारी होने के कारण शिकायत करने में देरी हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलापद्यऊ धारा 296, 351 (2), 109 (1), 331 (2), 331 (6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दुधावा में विधायक...

की महिलाओं को व्यवसाय करने के लिए कम ब्याज में बैंक से लोन मिल रहा है, जिससे महिलाएं अपना खुद का व्यवसाय कर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर सरपंच श्यामा नेताम, उपसरपंच एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष निरंजन गंजीर, हीरा साहू सहित स्व सहायता समूह की महिलाएं भगवन्ती साहू, इंदु निषाद, रितू साहू, बिन्दु भास्कर, सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पुलिस चेकिंग में...

चलाने वालों पर जब भी कार्यवाही किया जाता है, तो कई फोन आने लगते है और वाहनों पर कार्यवाही नहीं करने की बात कही जाती है। चालक शराब पीकर वाहन चलाता है, ऐसे वाहनों को भी छुड़ाने के लिए जिम्मेदार लोक सक्रिय हो जाते है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही नहीं किया जाएगा, तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी कैसे संभव हो सकेगी।

### रबी फसल प्रदर्शन...

विस्तार अधिकारी, बलवंत बघेल असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर एवं गांव के अन्य किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर बलवंत बघेल ने किसानों को जानकारी दी की समय पर बीच खाद दवाई का उपयोग करने से उत्पादन में बढ़ोतरी होती है।

**खबर संक्षेप**

### लोगों ने किया रक्तदान



**गीदम।** छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रेड क्रॉस सोसाइटी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर पूर्णतः निः शुल्क था। खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौतम कुमार ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 7 प्वाइंट रक्त का संग्रहण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी व नगर वासियों ने रक्तदान किया।

### वार्डो के आरक्षण की कार्यवाही 19 को

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नगरपालिका अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डो का आरक्षण नियम 1944 के अधीन नियम 3 (1) से 3 (7) के तहत नगरपालिका परिषद बीजापुर के वार्डो का आरक्षण 19 दिसम्बर को अपरान्ह 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया जाएगा। आरक्षण की कार्यवाही के दौरान जो भी नागरिक उपस्थित रहना चाहते हैं वे निर्धारित दिवस व समय पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित रहेंगे।

## मुख्यालय में नवनिर्मित वन मंदिर वाटिका का प्रभारी मंत्री ने किया लोकार्पण

# बच्चों को प्रकृति और संस्कृति के महत्व के प्रति जागरूक करेगा वन मंदिर वाटिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ शासन के वन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता तथा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के दो दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान आज दंतेवाड़ा के टेकनार रोड़ पर बने देश का पहला वन मंदिर का रिबन काटकर मंत्री केदार कश्यप और विधायक चैतराम अटामी ने उद्घाटन किया।

■ वन एवं पर्यावरण के संरक्षण की दृष्टि से वन विभाग का प्रयास सराहनीय





इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, डीएफओ सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

इस दौरान अनौपचारिक चर्चा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति में वनों के आध्यात्मिक एवं पर्यावर्णीय को महत्व को प्रमुखता दी गई है। वर्तमान में जबकि आज ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन पर पूरी दुनिया में विचार मंथन चल रहा है। उसे देखते हुए वन मंदिर की अवधारणा सराहनीय है।

क्षेत्र में निवासरत वनवासी बंधु पीढ़ियों से वनों की रक्षा एवं उसकी संरक्षण के लिए समर्पित रहे है। यहां के जनजीवन का मुख्य आधार वन सम्पदा ही रही है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन एवं वन विभाग की यह पहल जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रंशसनीय प्रयास है। उन्होंने आगे कहा कि इस वन मंदिर वाटिका में अन्य प्रजाति के पेड़ पौधे लगाकर इसे समृद्ध बनाए। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वृक्षारोपण के तहत एक पेड़ मां के नाम का संदेश देकर पूरे देश में वृक्षारोपण के महत्व का अलख जगा चुके है। अतः आमजन भी उनके इस अभियान को पूरी तत्परता से गति दें। उल्लेखनीय है कि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वाधान में बनाये गए वन मंदिर वाटिका में प्रकृति एवं संस्कृति के अनुठे संगम को चरितार्थ किया गया है। वाटिका में प्रवेश करते ही पर्यावरणीय और प्राकृतिक संरक्षण को दर्शाते हुए यहां भारतीय सांस्कृतिक के अनुरूप राशि-ग्रह-नक्षत्र के पौधे, बीमारियों के प्राकृतिक उपचार के लिए योग और औषधि युक्त पौधे की जानकारी देते हुए साइन बोर्ड लगाये गए है। साथ ही क्षेत्र में पाये जाने वाले वन्य पशु पक्षियों एवं तितलियों जैसे जीव जंतुओं की भी सामान्य जानकारी दी गई है। इसके अलावा भगवान श्रीराम के जीवनवृत्त और वनवास काल का भी चित्राकंन वन मंदिर में किया गया है। साथ ही रॉक गार्डन के तहत इंद्रावती नदी के पत्थर और एनएमडीसी के लौह पत्थरों से भी वाटिका की साज-सज्जा की गयी है। करीब 18 एकड़ में तैयार हुए इस वन मंदिर में 7 थीम के तहत काम हुए हैं। यहां राशि, ग्रह नक्षत्र के पौधे, बीमारियों के इलाज के लिए योग और औषधि हर्बल पौधे की जानकारी, सप्तऋषि और पंचवटी वन भी निर्मित किये गए है। अधिकारियों की मानें तो कि, संभाग का पहला वन मंदिर है। जहां शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी मिल पाएगी। इसके निर्माण के लिए अब तक करीब साढ़े 4 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से मुलाकात करते हुए उन्होंने बच्चों से पढ़ाई, उनके पसंदीदा विषयों और स्कूल के अनुभवों के बारे में बातचीत की। साथ ही उन्होंने नवनिर्मित वन मंदिर वाटिका के महत्व और इतिहास पर उनके विचार जाने। उन्होंने बच्चों को वन मंदिर वाटिका में रोपे गए धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व के पेड़-पौधों बारे में जानकारी दी उनसे प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की को कहा। मंत्री ने वन मंदिर में आम के पौधे का रोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने पूरे वन मंदिर का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन मंदिर को और समृद्ध करने के लिए अन्य प्रकार के पौधों का रोपण भी किया जाए।

## आंध्रप्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने किया जिले का अवलोकन



**सुकमा।** बस्तर में चल रहे संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक के तहत आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल का आगमन राज्य अतिथि के रूप में हुआ है। उक्त प्रतिनिधि मंडल 16 दिसंबर तक बस्तर में प्रवास रहेगा। बस्तर पहुंचने पर जिला प्रशासन अधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया। शनिवार को प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने सुबह रामाराम मंदिर में चिटपिट्टिन माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने रॉक गार्डन का भ्रमण किया। प्राकृतिक सुंदरता और स्थानीय कला से सुसज्जित इस स्थल ने प्रतिनिधियों को बेहद प्रभावित किया। बस्तर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के दर्शन से प्रतिनिधि मंडल के सदस्य उत्साहित नजर आए। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल ने आकार आवासीय संस्थान सुकमा का दौरा किया। इस संस्थान में विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों से मिलकर प्रतिनिधि बेहद खुश हुए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सामूहिक गीत और संगीत कार्यक्रम ने उन्हें प्रभावित किया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा और हौसले की प्रशंसा करते हुए संस्थान को प्रोत्साहन राशि प्रदान की। संस्थान में बच्चों द्वारा बनाए गए कलाकृति और पेंटिंग्स के प्रदर्शन को भी सराहा गया। इस दौरान उन्होंने इस मौके को अपने मोबाइल में कैप्चर करते नजर आए।

## मनीष गुप्ता बने बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला पत्रकार संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चतुष्कोणीय मुकाबले में मनीष गुप्ता ने जीत दर्ज की। उनका मुकाबला प्रशांत गजभिए से रहा।

अन्य दो प्रत्याशी नवीन गुप्ता और संजीव पचौरी को करारी हार का सामना करना पड़ा। उपाध्यक्ष वरिष्ठ के पद पर शिवप्रकाश सीजी ने करमजीत कौर को पराजित किया। उपाध्यक्ष कनिष्ठ के पद पर त्रिकोणीय मुकाबले में निरंजन दास 5 वोट से जीते। उनका मुकाबला अशोक नायडू और संजय कुमार जैन से था। सचिव पद पर हुए कड़े मुकाबले में धर्मेन्द्र महापात्र ने राजेश दास को परास्त कर फिर से चुनाव जीत लिया। सह सचिव वरिष्ठ के पद पर त्रिकोणीय मुकाबले में प्रदीप गुहा ने अरूण पाढ़ी और एसके हसन को पराजित कर चुनाव जीते।

■ चुनाव अधिकारी ने कहा शांति और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में हुआ चुनाव



सह सचिव कनिष्ठ के पद पर सीधे मुकाबले में बादशाह खान ने सुनील पाण्डे को हराया। कोषाध्यक्ष पद पर सुब्बाराव ने रविराज पटनायक को हराकर जीत दर्ज की। इस तरह रविवार को दिनभर गहमागहमी के बीच मुकाबला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

देर शाम चुनाव अधिकारी संतोष मिश्रा ने परिणाम घोषित किया। उन्होंने कहा कि शांति और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस कर्मियों की भी तैनाती रही। निवृतमान अध्यक्ष सुरेश रावल ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते सभी मतदाताओं का मतदान में भाग लेने के लिए आभार माना।

## शहरी चकाचौंध से बाहर से पहुंचे खिलाड़ी हो रहे आकर्षित

**बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ अनुशासन का विकास**









हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंचल के बच्चों के लिए आयोजित किए गए बस्तर ओलंपिक में हिस्सा लेकर वे बच्चे काफी खुश हैं, जिन्हें पहली बार संभाग मुख्यालय जगदलपुर आने का मौका मिला। यहां की सुविधाएं और शहरी चकाचौंध सभी को आकर्षित कर रही है। यह भी देखा गया है कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ टीम वर्क और अनुशासन का विकास होता है। यह पहल सराहनीय है और इसे हर साल आयोजित किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक बच्चों को लाभ मिल सके।

### सुविधाएं होती तो मुकाम हासिल कर चुके

नारायणपुर से पहुंचे लक्ष्मी कुड़ियम एवं वाल्मिक वर्धा ने बताया कि दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा और बीजापुर जिले के भीतरी इलाकों से यहां आए बच्चे कह रहे हैं कि इतनी सुविधा अगर उन्हें उनकी अपनी जगह पर पहले मिली होती तो वे खेल में मुकाम हासिल कर चुके होते।

### प्रतिभा को निखारने का अवसर

कोंटा की कोच संध्या ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों के साथ आए शिक्षक भी इस अंतर को महसूस कर पा रहे हैं। बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें नए अनुभवों से रूबरू कराते हैं। ऐसे आयोजनों में भाग लेना ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों के लिए एक बड़ा मौका होता है, जहां वे शहरी जीवन की झलक देखते हैं और अपनी क्षमताओं को दूसरों के सामने प्रस्तुत कर पाते हैं।

### व्यवस्थाओं से होते प्रोत्साहित

दंतेवाड़ा की राशि ने बताया कि जगदलपुर मुख्यालय में आने का अनुभव उनके लिए प्रेरणादायक है। यहां की सुविधाएं, खेलों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं और शहरी परिवेश उन्हें आगे बढ़ने की दिशा में प्रोत्साहित करते हैं। इस तरह के आयोजन न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बारसूर के बुढ़ा सागर में नौकायन की सुविधा शुरू होने से पर्यटक और नगरवासी खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के नगर पंचायत बारसूर के बुढ़ा सागर में बाहर से आए सैलानी और स्थानीय लोग इन दिनों मोटर वोट का मज़ा ले रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से स्थानीय जय माँ दुर्गा स्व सहायता समूह को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बारसूर के बुढ़ा सागर में नौकायन की सुविधा शुरू होने से पर्यटक और नगरवासी खुश है।

खासकर बच्चे मोटर वोट की सवारी करने काफी उत्सुक नजर आ रहे हैं। सात सीटर मोटर वोट में सागर का एक चक्कर लगाने के लिए 50 रूपये प्रति व्यक्ति किराया निर्धारित किया गया है। वहीं पैडल वोट का आनंद लेने के लिए प्रति व्यक्ति 30 रूपये चुकाने होंगे। प्रतिदिन स्व सहायता समूह की ओर से दो पाली सुबह 8 से 11 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक आमजन को मोटर वोट से सागर में नौकायन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। रविवार छुट्टी का दिन होने के बावजूद मोटर वोट पार्किंग स्थल पर लोगों की भीड़ शाम 4 बजे के आसपास नहीं के बराबर रही। केवल दो-चार बच्चे ही कौतुहलवश निहारते हुए नजर आए। स्थानीय लोगों से जब इस बारे में बातचीत की गई तो नगरवासियों ने कहा कि मोटर वोट का किराया 50 रूपये प्रति व्यक्ति तय किया



गया है। एक साधारण परिवार का व्यक्ति जिसकी दिहाड़ी मजदूरी 300 रूपये है, उसके लिए 50 रूपये प्रति व्यक्ति किराया चुकाना मुश्किल है। इधर समूह के सदस्यों का कहना है कि 50 रुपये का किराया वाजिब है। इसी रकम से मोटर चलित नौका के लिए पेट्रोल और मेंटेनेंस का खर्चा वहन करने के अलावा समूह के सदस्यों की रोजी रोटी का भी इंतजाम करना है। नगर के लोगों का कहना है कि मोटर वोट की सुविधा जिला प्रशासन ने शुरू कर दी, यह अच्छी बात है लेकिन सजावटी पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विभिन्न तरह के फूल और सजावटी पौधे लगा कर सागर के किनारे उद्यान बनाने की जरूरत है। जिससे कि वातावरण शुद्ध रहने के साथ ही बुढ़ा सागर को आकर्षक लुक मिले। हाल- फिलहाल सागर के किनारे मिट्टी डाल समतल किया गया है और किनारे लोहे की रेलिंग लगी है। जबकि उद्यान विकसित कर बच्चों के लिए झूला व बैठक आदि की सुविधा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। सौन्दर्यीकरण पर लाखों रुपए खर्च करने का सामने सार्थक परिणाम ही नजर नहीं आ रहा।

बारसूर निवासी थलेश ठाकुर ने बताया कि मोटर वोट की जिम्मेदारी महिला सदस्यों के कंधे पर है। प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने का इनके पास अनुभव है कि नहीं यह भी एक बहुत बड़ा सवाल है। अच्छा होता कम से कम दो पुरुष सदस्य जो तैराकी जानते हैं, उन्हें भी समुह के साथ काम की जिम्मेदारी दी जाती। हांलाकि जिला प्रशासन की ओर से नौकायन करने वाले के लिए लाईफ जैकेट का इंतजाम किया गया है। सागर के किनारे जब तक रंग-बिरंगे फूल लगा सजावट नहीं किया जाता सौन्दर्यीकरण का कोई औचित्य नहीं है। सौन्दर्यीकरण में कई महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधाएं मसलन पार्क, झूला, बैठक आदि का अभाव है। प्रशासन तत्काल इन सुविधाओं पर ध्यान दें।

### बस्तर में खेलों को गति तभी मिल पायेगी जब उन्हें बेहतर माहौल मिलेगी

जगदलपुर। बस्तर में वर्तमान में बस्तर ओलंपिक गेम्स का आयोजन हो रहा है, यह एक बहुत ही अच्छी पहल है। जब से छग अलग राज्य बना है तब से कई ऐसे आयोजन हुए हैं किन्तु बस्तर के खिलाड़ियों को जो लाभ प्राप्त होना था वह अभी तक अपेक्षा अनुरूप नहीं हो सका है जबकि हमारे बस्तर संभाग के सभी खेलों के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आरएम राजपूत ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि बॉडी बिल्डिंग में 1992 में भारत केसरी से सम्मानित अध्यक्ष बस्तर बॉडी बिल्डिंग व पॉवर लिफ्टिंग संघ के माध्यम से कई खिलाड़ी को तैयार किया जो राज्य व राष्ट्र स्तरीय खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर कई पदक प्राप्त भी किये हैं पर छग में अब तक शासन-प्रशासन से बस्तर के खिलाड़ियों को सुविधायें मिली है वह अपर्याप्त है। बस्तर में सभी खेलों को गति तभी मिल पायेगी जब उन्हें बेहतर माहौल, उच्च स्तरीय एकेडमी व इंटरनेशनल कोच द्वारा उच्च कोटि का प्रशिक्षण व खान-पान की बेहतर सुविधा मिलेगी। पदक प्राप्त खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों में विशेष पैकेज की सुविधा प्राप्त होनी चाहिये तथा खेल कोटा को भी बढ़ाना चाहिये। तभी बस्तर में खेलों व खिलाड़ियों का उत्थान होगा और बस्तर की छवि विश्व पटल पर एक अलग छाप छोड़ने में कामयाब हो सकेगी। अभी हर वर्ष ऐसे आयोजन होते हैं पर कुछ दिनों के लिए फिर सभी लोग खेलों में रूचि नहीं दिखाते, जो दिखाते हैं वे भी अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति तथा सुविधा के अभाव के कारण अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाते। उन्होंने आगे कहा कि एक खिलाड़ी होने के नाते राज्य सरकार से यह अपील करना चाहता हूँ कि यदि वे बस्तर संभाग में खेलों तथा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाना चाहती है तो उन्हें बेहतर सुविधाओं के साथ-साथ नये व पुराने खिलाड़ियों को भी जिन्होंने बस्तर का नाम रौशन किया है। उन्हें विशेष पैकेज के तहत आर्थिक सहायता तथा सुविधा दें ताकि वे अपने भविष्य के प्रति निश्चित होकर अपने-अपने खेलों में विशेष ध्यान केंद्रित कर सकें और बस्तर के साथ ही प्रदेश व देश का नाम भी रौशन कर सकें।

### जिले के 3845 बच्चों का किया गया नेत्र परीक्षण

दंतेवाड़ा। जिला शिक्षा विभाग व आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के सहयोग से आज जिले के 122 शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 3845 बच्चों का किया निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। बाल ज्योति नेत्र देखभाल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के बच्चों के नेत्र स्वास्थ्य की देखभाल करना है। और इस कार्यक्रम को समग्र शिक्षा और आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड के सहयोग से चलाया गया है। इस परियोजना का लक्ष्य शुरुआती चरण में ही नेत्र समस्याओं का निवारण कर अंधेपन की बड़ी समस्या से निपटना है। इसके लिए स्कूलों में चलित नेत्र क्लिनिक के माध्यम से नेत्र परीक्षण सेवाएँ प्रदान की गई है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत करने दिया प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश विजय कुमार होता ने समस्त पीठासीन अधिकारियों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं व कर्मचारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी गई। साथ ही उनके द्वारा नेशनल लोक अदालत में गठित समस्त खंडपीठों का निरीक्षण किया गया एवं राजीनामा के आधार पर निराकृत हुये प्रकरणों में. पक्षकारों को पौधा देकर पर्यावरण को संरक्षित



रखने का संदेश दिया गया। ज्ञात हो कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए कुल 11 खंडपीठ का गठन किया गया था। उक्त नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम न्यायालयीन कर्मचारी पैरालीगल वालंटियर जिला प्रशासन जिला पंचायत नगर पालिका, विद्युत विभाग, बीएसएनएल विभाग एवं समस्त बैंकों का भरपूर सहयोग रहा है। नेशनल लोक अदालत में उपस्थित पक्षकारों को विधिक रूप से जागरूक करने के लिए नालसा एवं सालसा द्वारा विभिन्न कानूनी विषयों पर निर्मित लघु फिल्मों का प्रसारण न्यायालय भवन में लगे हुए टीवी स्क्रीन पर किया गया। आज जिला न्यायालय में संपन्न नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला न्यायाधीश के निर्देशानुसार तीनो राजस्व जिला दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं बचेली के न्यायालय में कुल 11 खंडपीठों का गठन किया गया था। सभी न्यायालयों में लंबित नियमित मामले कुल 3705 रखे गये थे जिनमें से कुल-3583 मामलों का निराकरण करते हुए कुल 26940754 राशि का अवार्ड पारित किया गया।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### डड़सेना समाज ने युवकों ने 43 यूनिट रक्त किया दान

**कांकेर।** डड़सेना कलार समाज की युवा टीम के द्वारा 15 दिसंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने 43 यूनिट रक्तदान करके मानवता की सेवा का भाव दिखाया। रक्तदान शिविर में युवाओं की उत्साहवर्धक भागीदारी देखने को मिली। शिविर में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, डडसेना कलार समाज के बस्तर संभाग के महामंत्री सोनीलाल जैन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए ऐसे रचनात्मक कार्यों मे बढ़ चढ़कर युवाओं को भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉं. महेश व ब्लड बैंक की टीम का सहयोग रहा। कार्यक्रम में तरूण जैन, सुरेश नाग, देवेन्द्र सिन्हा, लेखराम जैन, वेदप्रकाश सिन्हा, राजेंद्र प्रसाद कटेंद्र, शैलेन्द्र जैन, शेखर जैन, दीपांशु जैन, तारस जैन, तुषार जैन, शेखर नागराज, घनेंद्र लहरा सहित सभी पदाधिकारी व रक्तवीर उपस्थित रहे।

### बोलेरो की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक घायल



**नगरी।** एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की चपेट में मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। नगरी पुलिस द्वारा उसे नगरी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक मोटरसाइकिल चालक धमतरी रोड से नगरी की तरफ आ रहा था और बोलेरो वाहन नगरी से धमतरी की ओर जा रहा था। इस बीच बड़ी पुलिया नहर नाली के पास दोनों वाहनों में टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया। घायल व्यक्ति का नाम रमेश नेताम पिता विष्णु नेताम ग्राम भैंसामुड़ा बताया गया।

### कुम्हारी में पंथी नृत्य एवं कला स्पर्धा 18 से

**अंवरी।** सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कुम्हारी में दो दिवसीय संगीतमय पंथी नृत्य एवं कला प्रतियोगिता रखी गई है। 18 दिसम्बर को बाबा गुरू घासीदास की जयंती पर 3 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 7 बजे से जागृति कुर्रे अनमोल जागृति सतनाम भजन संध्या ग्राम भलेसर जिला महासमुंद की प्रस्तुति होगी। तत्पश्चात पंथी नृत्य एवं कला प्रतियोगिता प्रारम्भ होगी। पुरुष वर्ग में प्रथम इनाम 7001, द्वितीय 5001, तृतीय 3501, महिला वर्ग में प्रथम 5001, द्वितीय 3001, तृतीय इनाम 2001 रूपये रखा गया है।

# चिराग परियोजना: पोषण सखियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

चिराग परियोजना अंतर्गत प्रदेश में कृषि विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 जिलों के 27 विकासखण्ड के 1000 आदिवासी बहुलता वाले गांवो के दो लाख परिवारों में रहने वाले ग्रामीणों के आय के अवसरों में वृद्धि करने एवं साल भर पौष्टिक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वर्ल्ड बैंक और आईएफएससी के सहयोग से चिराग परियोजना का क्रियान्वन किया जा रहा है।

परियोजना के अंतर्गत चिन्हांकित 40 गांव में पोषण सखी का चयन पोषण आधारित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए किया गया है। इन्हें कार्य के लिए सक्षम बनाने के लिए कलस्टर भवन सुरही नरहरपुर में 13 से 15 दिसम्बर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. मोनिका चौहान टीम लीडर एसबीसीबी चिराग परियोजना रायपुर द्वारा पोषण सखियों को चिराग परियोजना के उद्देश्य उसके मुख्य घटकों, कुपोषण से बचाव के लिए आहार विविधता और संतुलित आहार का क्या महत्व है पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। अनाज, कंदमूल, दलहन तिलहन, सूखे मेवे, दूध-दही, पनीर, मांस, मछली, अंडा, हरे पत्तेदार सब्जियाँ, लाल, पीले फलो एवं अन्य प्रकार के फलो को रोज के खाने में शामिल करने प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में शतानंद पांडे चिराग परियोजना रायपुर द्वारा कृषि एवं पोषण में संबंध को विस्तार से बताया गया और साथ ही एनटीएफपी जो खाद्य पदार्थ जंगलों से प्राप्त होते है, चाहे वह आय एवं पोषण से जुड़ा हुआ हो उन पर विस्तार से चर्चा की गई। आहार विविधता से जुड़े हुए महत्व पर चर्चा के साथ ही विभिन्न गतिविधियों को पोषण सखी के माध्यम से किया गया।

## कुपोषण से बचाव के लिए पौष्टिक आहार पर जोर



### दायित्वों पर की चर्चा

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस दिनेश कुमार कुंजाम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर द्वारा पोषण सखियों को उनके कार्य और दायित्वों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई और चिराग ऐप में किस प्रकार से काम करना है बताया गया। पिको प्रोजेक्टर के माध्यम से पोषण आधारित गतिविधियों को प्रस्तुतीकरण एवं वीडियो के माध्यम से पोषण सखियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृष्ण कुमार मेश्राम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुरही, तकनीकी सहायक विकासखंड समन्वयक भावना उपाध्याय, विनोद नेताम, विनोद चतुर्वेदी एवं समस्त चिन्हांकित ग्रामों की पोषण सखियां उपस्थिति रही।

## मांग : समस्या के निदान के लिए फौरन कदम उठाने की मांग

# विस अध्यक्ष से प्राचार्य व व्याख्याता पदोन्नति फोरम सदस्यों ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



स्कूल शिक्षा विभाग में विगत दस वर्षों से लंबित प्राचार्य एवं व्याख्याता के पदों पर पदोन्नति की मांग को लेकर प्राचार्य व व्याख्याता पदोन्नति फोरम का प्रतिनिधि मंडल छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। विधानसभा अध्यक्ष से प्रतिनिधि मंडल ने आग्रह किया कि विधानसभा में दिए गए आश्वाशन का पालन नहीं होने के कारण पहल कर तत्काल कार्यवाही करने का अनुरोध किया।

स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य के स्वीकृत 4783 पद में 3576 पद रिक्त है तथा व्याख्याता के स्वीकृत 40806 पद में 8203 पद रिक्त है। विभाग में विगत दस वर्षों से प्राचार्य एवं आठ वर्षों से व्याख्याता पद की पदोन्नति नहीं होने के कारण प्रदेश की अस्सी प्रतिशत विद्यालय प्राचार्य विहीन हैं, जिसके कारण शिक्षा गुणवत्ता एवं स्कूल प्रशासन प्रभावित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि 2024 के बजट सत्र में 16 फरवरी को विधानसभा की कार्यवाही के दौरान तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने छः माह में पदोन्नति करने की घोषणा किए थे, जिसकी समय सीमा 16 अगस्त को समाप्त होने के बाबजूद स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव एवं संचालक यह बता पाने की स्थिति में नहीं है कि प्राचार्य के पदोन्नति आदेश कब तक जारी हो पाएंगे। जबकि बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मंत्री पद छोड़ने के बाद विगत पांच माह से स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के मुख्यमंत्री के अधीन है। आगामी शीतकालीन विधान सभा सत्र में प्राचार्य पदोन्नति को लेकर कई विधायकों द्वारा लगाए गए विधान प्रश्न पर चर्चा करने की मांग भी की गई। प्राचार्य व्याख्याता पदोन्नति फोरम द्वारा आगामी 17 दिसंबर को प्रदेश भर से शिक्षक एकत्रित होकर नया रायपुर में स्थित लोक शिक्षण संचालनालय एवं मंत्रालय के समक्ष प्रदर्शन करने का अल्टीमेटम दे चुके हैं।

# रिसेवाड़ा में 5 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



विकासखंड नरहरपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाडा में न्यू स्टार क्रिकेट क्लब गोहाना पारा रिसेवाड़ा के तत्वाधान में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता 15 से 19 दिसंबर तक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 15051, द्वितीय पुरस्कार 7551, तृतीय पुरस्कार 3551, चतुर्थ पुरस्कार 1551 रूपए एवं अन्य पुरस्कार आयोजन समिति की ओर से प्रदान की जाएगी। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि सभापति एवं जनपद सदस्य जनपद पंचायत नरहरपुर कांति पटेल एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच बबीता कोडोपी, गांव प्रमुख देव पुजारी किशोर मंडावी, उपसरपंच सुरेश पटेल, रेखू पटेल, बिरीज जैन, कृष्ण दुग्गा, धीरज सोरी एवं अन्य ग्राम वासियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कांति पटेल के द्वारा आयोजन समिति एवं क्रिकेट समिति को अपने ओर से क्रिकेट कीट प्रदान किया गया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करना बड़ी बात है। प्रतियोगिता से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व नैतिक विकास होता है एवं एक दूसरे से भेट मुलाकात मनोरंजन का भी साधन है। उपसरपंच ने भी क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों से आव्हान करते हुए कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता ग्रामीण अंचल में होना बड़ी बात है। वही यह खेल अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होता है जो कि आज हमें गांव में देखने को मिल रहा है। खेलकूद से ग्रामीण अंचल के बच्चे काफी सीखते हैं और आगे बढ़ते हैं। प्रतियोगिता में खेलकूद का होना और प्रतिस्पर्धा की भावना होती है। खेलकूद में हार जीत लगा रहता है व हार लोगों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है और मेहनत करें आने वाले प्रतियोगिता में जीत जरूर मिलेगी।

# भ्रमण के दौरान आदिवासी बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और योजनाओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

▪ माय भारत के द्वारा आदिवासी बच्चों को कराया भ्रमण

विशाखापत्तनम में सात दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के लिए विकासखण्ड कांकेर में माय भारत के द्वारा आदिवासी बच्चों को भ्रमण कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम से वापिस लौटे आदिवासी बच्चों के लिए डीब्रीफिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं भ्रमण से लौटे प्रतिभागियों से भ्रमण कार्यक्रम के बारे में जानकारी लिया। 16वां आदिवासी युवा आदन प्रदान विशाखापत्तनम भ्रमण कार्यक्रम से 40 बच्चे वापिस लौटे, जिसके लिए कांकेर में माय भारत जिला युवा अधिकारी द्वारा प्रतिभागियों के लिए डीब्रीफिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भ्रमण से लौटे प्रतिभागियों से विशाखापत्तनम में होने वाले सात दिवसीय कार्यक्रमों के बारे में प्रतिभागियों से जानकारी ली गई। प्रतिभागियों द्वारा बताया गया कि अलग-अलग विषयों में व्याख्यान द्वारा सामाजिक आर्थिक, सामाजिक विविध योजनाओं व शिक्षा स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी गई और साथ ही संध्या कालीन के समय प्रतिभागियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बच्चों द्वारा बताया गया की वहां पर प्रश्नोत्तरी भाषण प्रतियोगिता का व्यंजन किया गया और दार्शनिक स्थलों में भ्रमण भी करवाया गया। जिला युवा अधिकारी द्वारा बच्चों की उज्जवल उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम की समापन की और घर की ओर प्रस्थान के लिए रवाना किया गया।



# माओवादी हिंसा में हुए दिव्यांग, पर नहीं टूटे हौसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत हो पर यदि सपनों को परवान देने की ताकत है और मजबूत इरादे हैं, तो हौंसले कभी नहीं टूटते और इसकी एक बानगी देखने को मिली बस्तर ओलंपिक में, जहां पर नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए खिलाड़ियों ने अपने मजबूत इरादे के साथ उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ऐसे ही नक्सली हिंसा को छोड़ मुख्य धारा में आएं आत्मसमर्पित आरक्षक बने सुकमा जिले के अंतर्गत दोरनापाल के गांव पालेमपाठ निवासी पुनेम सन्ना ने भी व्हील चेयर में दौड़ लगाई। उन्होंने बताया कि वह करीब 22 साल की उम्र में 2000 में नक्सलियों के सम्पर्क में आया। मुझे बताया गया कि सशस्त्र विद्रोह से ही हमारे जीवन में बदलाव आएगा, मुझे तो खाना मिल जाता था पर मेरे घर वाले भूखे ही रहते थे और वे मुश्किल से जीवन-यापन करते थे। ये सब देखकर छत्तीसगढ़ सरकार की समर्पण नीति से प्रभावित होकर 2012 में समर्पण कर मुख्य धारा में आया। मुख्य धारा में आने के बाद सन 2013 मुझे डीआरजी में आरक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।

मुझे और मेरे परिवार को इसकी कीमत भी चुकानी पड़ी। नक्सलियों ने मेरे बड़े भाई जोगा सन्ना को भी मौत के घाट उतार दिया। अगस्त 2013 में गस्ती के दौरान अचानक नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग सहित बम ब्लास्ट हुई।

# शीतला मंदिर का लोकार्पण कर मां से मांगी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| चारामा



विकासखंड चारामा के ग्राम चंदेली में मॉंता शीतला मंदिर का लोकार्पण बड़े धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने उपस्थित होकर मॉंता शीतला का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि के लिए कामना की। लोकार्पण समारोह के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इस मंदिर के निर्माण से गांव के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को नई पहचान मिलेगी। विधायक ने कहा कि यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि ग्रामीणों को एकजुट करने का माध्यम भी बनेगा। क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और लोगों के सहयोग से आगे बढ़ने का संकल्प लिया। लोकार्पण कार्यक्रम में ग्राम गोटीटोला के सरपंच श्याम सिंह नेताम, उप सरपंच मदन लाल साहू, बिरेन्द्र मंडावी, हलाल राम मंडावी, सुखदेव नेताम, देव प्रकाश साहू, लखनू जुर्री, बंशीलाल नेताम और रोहित टांडिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# प्रतिभा खोज परीक्षा में छात्र-छात्राएं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नवीन पीएमटी बालक छात्रवास प्रति माह की तहर इस माह भी संयुक्त रूप से प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन कराया गया जिसमें छात्रवासी छात्र- छात्राओं ने हिस्सा लिया। आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा में मुख्यतः छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान, भारतीय सामान्य ज्ञान, इतिहास, संस्कृतिक, भूगोल, राजनीतिक, खेल, देश - विदेश एवं अन्य सभी विषयों के प्रश्न दिए गए थे, जो एसएससी, सीजी पीएससी, यूपीएससी, एनईटी इत्यादि सभी प्रकार के परीक्षाओं में लाभदायक हो। प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालो के लिए इनाम का भी घोषणा किया गया है। परीक्षा के बाद गुरुघासी दास जयंती एवं शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के संबंधित चर्चा किया गया।

### चित्रकोट हाईट्स कालोनी निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे उप आयुक्त

**जगदलपुर।** शहर में 36 क्वार्टर की जमीन पर हाऊसिंग बोर्ड की ओर से 36 करोड़ रूपए की लागत से चित्रकोट हाईट्स कालोनी बनाकर आवास का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 36 क्वार्टर की 1.71 एकड़ जमीन पर 36 करोड़ रुपए की लागत से बेसमेंट पार्किंग की सुविधा वाले मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा। इसमें 123 टू और थ्री बीएचके एचआईजी-एमआईजी आवासों निर्माणाधीन है। इस पर हॉल ही में बोर्ड के उप आयुक्त सीके ठाकुर ने टीम के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। ठेकेदार को कहा कि निर्माण कार्य तय समय में कार्य पूरा करें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उप आयुक्त की टीम में विद्युत के ईई केशर कश्यप, एसडीओ के वैद्य आदि शामिल रहे। गुणवत्ता से समझौता नहीं हाउसिंग बोर्ड जगदलपुर वृत्त के उप आयुक्त सीके ठाकुर ने एसडीओ, उपयंत्री एवं ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जाएगा।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

## समाज की बैठक में लिया गया निर्णय

# कोसरिया गांड़ा समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल




कोसरिया गांड़ा समाज की जिला स्तरीय बैठक ग्राम भीरागांव में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी और 18 क्षेत्र के क्षेत्र अध्यक्ष, कार्यकारिणी शामिल हुए। बैठक में 29 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन और कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम ग्राम भीरागांव में संपन्न कराने के लिए सहमति प्रदान किया।

जिलाध्यक्ष ईश्वर टांडिया ने कहा कि प्रदेश संगठन का निर्देश मिला है, इसका पालन जिला कार्यकारिणी और क्षेत्र अध्यक्ष, क्षेत्र कार्यकारिणी को करना है। 29 दिसंबर को जिला कार्यकारिणी, क्षेत्र अध्यक्ष सचिव अपने अपने गांव क्षेत्र के युवक युवतियों को प्रदेश स्तरीय परिचय सम्मेलन में सम्मिलित कराए। बैठक में पहुंचे प्रदेश संरक्षक टीकम टांडिया, प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया कचलाम, प्रदेश सचिव आनंद माहवे, कोषाध्यक्ष लीलाप्रसाद कुलदीप, युवा प्रभाग प्रदेश अध्यक्ष संतोष टांडिया ने कहा कि युवक युवती समाज के रीढ़ है, पर समाज में भागीदारी कम रहती है, इसीलिए पहली बार कोसरिया गांड़ा समाज में युवक युवती परिचय सम्मेलन और कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन करवा रहे हैं ताकि कोसरिया गांड़ा समाज के प्रदेश भर के युवक युवतियों का मेल मिलाप हो। एक दूसरे का अनुभव मंच में साझा कर सकें। योग्य युवक युवती सम्मेलन में अपने माता पिता के साथ पहुंचकर अपने जीवन साथी का चयन भी कर सकते हैं। युवक युवती परिचय सम्मेलन के अवसर पर कैरियर मार्गदर्शन भी किया जाएगा। समाज के युवक युवती अपनी पढ़ाई जारी रखें। व्यवसाय के क्षेत्र में भी कदम बढ़ाए, इसके लिए परिचय सम्मेलन में मार्गदर्शन दिया जाएगा।

बैठक में वत्सला टांडिया, ब्लाक सचिव दुर्गूकोंदल शंकर नागवंशी, बासला क्षेत्र अध्यक्ष संतलाल बघेल, सचिव महेश टांडिया, साल्हे क्षेत्र अध्यक्ष प्रेमलाल बघेल, सेलेगांव क्षेत्र अध्यक्ष राजकुमार नाग, लोहत्तर क्षेत्र अध्यक्ष जयलाल नाग, क्षेत्र आमाबेड़ा भारत कोसरे, परतापुर क्षेत्र अध्यक्ष संतूराम नाग, चारगांव क्षेत्र अध्यक्ष देवराज नाग, सुभम नाग, धनसिंग टांडिया सहित समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहें।

### गिरने से 16 वर्षीय बालिका की मौत

**कांकेर।** राजनांदगांव जिला के थाना बागनदी अंतर्गत ग्राम बागमुडी निवासी 16 वर्षीय करिश्मा ऊंचाई से गिरकर घायल हो गई। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी 9 दिसंबर को मौत हो गई। कांकेर थाना में मर्ग डायरी पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 दिसंबर 2024
12 जनवरी 2025
19 जनवरी 2025
16 फरवरी 2025
13 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)